## शिविरों 15 से

रतलाम। राज्य शासन के नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन आगामी 15 दिसंबर से किया जाएगा। 30 दिसंबर तक आयोजित होने वाले उक्त जन समस्या निवारण शिविरों में वार्डवार आयोजन के तहत समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शिविर आयोजन के लिए निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति तथा दलों के गठन हेतु निर्देशित किया है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि शिविरों में मूलभूत सुविधा संबंधी समस्याओं का हल किया जाएगा। जन कल्याणकारी योजनाओं के मात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए जाएंगे। शिकायतों का निराकरण होगा।

## नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन 15 दिसंबर से

रतलाम। राज्य शासन के नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन आगामी 15 दिसंबर से किया जाएगा। 30 दिसंबर तक आयोजित होने वाले उक्त जन समस्या निवारण शिविरों में वार्डवार आयोजन के तहत समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शिविर आयोजन के लिए निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति तथा दलों के गठन हेतु निर्देशित किया है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि शिविरों में मूलभूत सुविधा संबंधी समस्याओं का हल किया जाएगा।

जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए जाएंगे। शिकायतों का निराकरण होगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास आदि के सहयोग से प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजन किया जाना है।

## आपके द्वार शिविरों का आयोजन 15 से

रतलाम ● राज्य शासन के नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन आगामी 15 दिसंबर से किया जाएगा। 30 दिसंबर तक आयोजित होने वाले उक्त जन समस्या निवारण शिविरों में वार्डवार आयोजन के तहत समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शिविर आयोजन के लिए निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति तथा दलों के गठन हेतु निर्देशित किया है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि शिविरों में मूलभूत सुविधा संबंधी समस्याओं का हल किया जाएगा। जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन 15 दिसंबर से

रतलाम (आरएनएन)। राज्य शासन के नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन आगामी 15 दिसंबर से किया जाएगा। 30 दिसंबर तक आयोजित होने वाले उक्त जन समस्या निवारण शिविरों में वार्डवार आयोजन के तहत समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शिविर आयोजन के लिए निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति तथा दलों के गठन हेतु निर्देशित किया है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि शिविरों में मूलभूत सुविधा संबंधी समस्याओं का हल किया जाएगा। जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए जाएंगे। शिकायतों का निराकरण होगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास आदि के सहयोग से प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजन किया जाना है।

## नगर सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम 15 से

रतलाम | नगर सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम जिले में 15 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर तक चलेंगे। नगरीय निकायों में शिविर लगाए जाएंगे, इनमें समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दिए हैं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया शिविर में मूलभूत सुविधा संबंधी समस्याओं का हल किया जाएगा। जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र तथा वंचित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए जाएंगे।

## लोक अदालत 11 को, 748 केस रखे जाएंगे

रतलाम | नेशनल लोक अदालत 11 दिसंबर को रखी जाएगी। बीएसएनएल राजस्व की लंबित राशि से संबंधित 748 प्रकरण रतलाम, जावरा, सैलाना एवं आलोट न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में इसके पहले भी संपर्क कर छूट का फायदा उठा सकते हैं।


# सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था : गलत जगह गाड़ी पार्क करने पर सीसीटीवी कैमरा की मदद से होगी कार्रवाई

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

शहर में बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस सिटी सर्विलांस सिस्टम की मदद ले रही है। कंट्रोल रूम से शहर के व्यस्ततम मार्गों पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखी जा रही है। जहां गलत तरीके से गाड़ी पार्किंग करने पर कंट्रोल रूम से नजदीकी यातायात पुलिस टीम को सूचना दी जाती है। जो मौके पर पहुंचकर चालानी कार्रवाई करती है। वहीं, गलत जगह गाड़ी पार्क करने वाले लोगों को सीसीटीवी कैमरा की मदद से चिन्हित कर उनके घर पर भी ई-चालान पहुंचाए जा रहे हैं।

ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए रतलाम पुलिस सिटी सर्विलांस सिस्टम के सीसीटीवी कैमरा की मदद से ट्रैफिक व्यवस्था सुधार का प्रयास कर रही है। डिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने बताया कि कंट्रोल रूम में शहर के प्रमुख क्षेत्रों की मॉनिटरिंग

## गाड़ी मालिक के घर पहुंचाया जाएगा चालान



कर रही टीम गलत तरीके से पा किए गए वाहनों की जानकारी नजदीकी यातायात थाना पुलिस की टीम को देगी। इसके बाद यातायात पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर संबंधित वाहन को हटवा कर कार्रवाई करेंगे। वहीं, गलत पार्किंग करने वाले वाहन चालक यदि मौके से जा भी चुके हैं तो उनको आईडेंटिफाई कर उनके घर पर चालान भेजा जाएगा। सिंघम 8

सिंघम 8/12/21

## नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन

रतलाम ● जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय रतलाम हेतु 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए 9, आलोट के लिए 6 तथा सैलाना के लिए 3 खण्डपीठों का गठन किया गया है। स्वदेश।

स्वदेश 9/12/21

## नेशनल लोक अदालत 11 को

रतलाम। जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खंडपीठों का गठन किया गया है।

जिला न्यायालय रतलाम के लिए 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए नौ, आलोट के लिए छह तथा सैलाना के लिए तीन खंडपीठों का गठन किया गया है।

नईदुनिया 9/12/21

# कठिनाइयां दूर करने समिति

रतलाम, नप्र। मध्यप्रदेश में सिटी गैस वितरण नेटवर्क अधोसंरचना निर्माण एवं विस्तार का काम 25 जिलों में चल रहा है। राज्य शासन ने इस काम में आने वाली कठिनाइयों एवं विभिन्न प्रकार की अनुमतियां आदि समय-सीमा में तय कराने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति बनाई है। जिसमें पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महाप्रबंधक, प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, जल संसाधन, आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप संचालक नगर निवेश के अलावा जिला परिवहन अधिकारी और प्राधिकृत सीजीडी संस्था के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी समिति सदस्य सचिव होंगे।

प्रभात किरण 8/12/21

# समाज सेविका कुसुम चाहर ने भेंट की स्वच्छता के औजार व झाड़ू



रतलाम। स्वच्छता मानव जीवन के लिए जरूरी है बिना स्वच्छता के मनुष्य का जीवन पशु जैसा होता है। जिसमें कई तरह की बीमारियां विकसित होती है। यह बात समाज सेविका कुसुम चाहर ने हनुमान ताल स्थित बगीचे में की सोशल लीडर फाउंडेशन संस्था के सभी टीम सदस्यों एवं आम नागरिकों की मदद से गार्डन में सभी संस्था के सदस्यों ने अपने रतलाम को स्वच्छ रखने में सहयोग के लिए शपथ ली की रतलाम शहर को सुंदर व स्वस्थ बनाएंगे और भारत ही नहीं अपितु विश्व में नंबर वन लेकर आएंगे। संस्था सदस्य व समाज सेविका कुसुम चाहर द्वारा इस अवसर पर स्वच्छता के लिए संस्था को औजार व झाड़ू डोनेट की गई। आम नागरिकों से भी निवेदन किया कि शहर को सुंदर व स्वस्थ रखने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

सिंघम 8/12/21

# ये गलत है : ट्रैफिक डायवर्ट किए बिना बीच बाजार में शुरू करा दिया काम

## नाला निर्माण में लापरवाही : राहगीरों के लिए ना बैरिकेड्स लगाए और ना ही ट्रैफिक डायवर्ट का बोर्ड

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अधूरे, टूटे-फूटे और बारिश में सफाई के लिए खोले नालों को पूरा करने की याद नगर निगम को अब आई है। लापरवाही देखिए कि मुख्य बाजार वाले इलाके में होने के बावजूद निगम ने पहले से तैयारी करने जहमत नहीं उठाई। बस काम शुरू करवा दिया। राहगीरों की सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए, न ट्रैफिक डायवर्ट का बोर्ड। नतीजा नालों का निर्माण कार्य होने से यातायात रूक रहा है। तोपखाना और शायर चबूतरा जैसे व्यापारिक क्षेत्रों में जाम लग रहा है। ऐसे में राहगिरों, रहवासियों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी उठाना पड़ रही है।

निगम सायर चबूतरा क्षेत्र और तोपखाना रोड पर नाले का निर्माण कर रहा है। खुदाई होने से पहले से संकरी रोड की चौड़ाई और कम हो गई है। बीच सड़क में काम चलने के बावजूद रोड के दोनों तरफ संकेतक बोर्ड नहीं लगाए हैं। खामियाजा दिनभर रहकर लगने वाले जाम से परेशान होकर जनता को भुगतान पड़ रहा है। दो पहिया तो जैसे-तैसे गुजर हैं, चार पहिया वालों को घूमकर जाना पड़ रहा है। नीमचौक में तो एक पखवाड़े से तो शायर चबूतरा क्षेत्र में दस दिनों से यही हाल है।



सायर चबूतरा रोड पर नाला निर्माण के लिए खुदाई कर छोड़ दिया है। लोगों को आने-जाने में दिक्कत है।




तोपखाना रोड पर नाले का निर्माण धीमा चल रहा है। जाम भी लग रहा है।

भास्कर

दै.भास्कर 9/12/21

# रतलाम में प्रशासन के सुधार के निर्देश और अमले का दिखावटीपन उजागर



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एसपी गौरव तिवारी

**रतलाम। जिला प्रशासन के आला अधिकारी शहर का दौरा करें और अमले को व्यवस्था में सुधार के निर्देश दें, लेकिन एक पखवाड़े तक किसी के कान पर जूं भी नहीं रेंगे? क्या कहेंगे? जी, हॉं रतलाम में प्रशासन और उसके अमले की यही स्थिति है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी गौरव तिवारी के मैदानी भ्रमण के बाद पिछले महीने रतलाम की कुछ व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीदें जागी थीं, लेकिन अब भी नतीजे ढाक के तीन पात ही हैं।**

कलेक्टर ही रतलाम नगर निगम के प्रशासक भी हैं। राजनीतिक नेतृत्व नहीं मिलने से नगर निगम सहित सभी संस्थाएं अभी कलेक्टर के मातहत हैं, लेकिन इसके बाद भी उनके निर्देशों का कोई असर नहीं हो रहा है। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा पिछले दिनों किए गए शहर भ्रमण में जो भी समस्याएं देखी गई थीं और नई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए थे, उनका आगे क्या हश्र हुआ। यह देखने की इन अधिकारियों और इनके मातहतों को शायद फुर्सत नहीं है। यही कारण है कि बड़े-बड़े दावे सामने आने के बाद भी शहर में व्याप्त समस्याओं के समाधान का कोई कार्य नहीं हो रहा है।

नगर निगम की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कई बार निगमायुक्त सोमनाथ झारिया और उनके अमले को चेतावनियां जारी कीं, लेकिन नतीजे सिफर रहे। कलेक्टर और प्रशासक की फटकार के बाद भी निगम की कार्यप्रणाली में कोई बड़ा सुधार नहीं आया है। इससे निगम में आने वाले लोगों को कई परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन की बैठकों में शहर की व्यवस्थाओं में सुधार के कई फैसले लिए गए, लेकिन निगम के नाकारा रवैये से उनका क्रियान्वयन नहीं हो सका। यातायात सुधार के प्रयास इसके प्रमाण हैं, जिनके लिए शहर में वन-वे, पार्किंग सहित अन्य कार्य करने का प्रचार हुआ, लेकिन निगम की लचर कार्यप्रणाली से इनका क्रियान्वयन नहीं हो सका। निगम की दूसरी व्यवस्थाएं भी पहले से बिगड़ी हुई हैं।

सफाई की दृष्टि से देखें, तो स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में फेल होने के बाद निगम ने अगले साल के सर्वेक्षण की तैयारियां शुरू करने का दावा किया, लेकिन मैदानी स्तर पर गंदगी का वातावरण खत्म करने की कोई पहल

..शेष पृष्ठ 8 पर

पृष्ठ 1 का शेष रतलाम में

होती नहीं दिख रही है। इसी तरह सड़कों की दुरास्थिति को सुधारने के लिए पेचवर्क के बड़े-बड़े दावे हुए, लेकिन कुछ क्षेत्रों के बाद बंद हुआ काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। शहर के मध्य प्रमुख बाजारों में सड़कें गड्ढों में तब्दील होकर रोज निगम का मुंह चिढ़ा रही हैं।

जलप्रदाय व्यवस्था में बदलाव के दावे भी खोखले निकले। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने फरवरी में घोषणा की थी कि जुलाई से शहरवासियों को प्रतिदिन जलप्रदाय किया जाएगा, लेकिन उनकी घोषणा का क्रियान्वयन करने की स्थिति में नगर निगम 10 महीने बाद भी नहीं है। सड़क हो, पानी हो अथवा सफाई की व्यवस्था, लगभग हर मोर्चे पर निगम का अमला नाकारा साबित हो रहा है।

९/१२/२१

कोर्ट स्टे

# स्टेडियम मार्केट की दुकानों के एक दुकानदार को मिला न्यायालय से स्टे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. स्टेडियम मार्किट के पीछे बनी निगम स्वामित्व की दुकानों को खाली करने के नगर निगम के नोटिस के विरुद्ध न्यायालय पहुंचे एक दुकानदार मोहम्मद फिरोज़ को न्यायालय ने स्टे दे दिया है। दुकानदार की तरफ से एडवोकेट देवेंद्र गुर्जर ने पैरवी की थी।

एडवोकेट गुर्जर ने बताया न्यायालय ने नगर निगम को एक महीने या दावा दाखिल करने तक का समय दिया है। इस दौरान निगम किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं हो सकेगी। उन्होंने बताया कि अन्य कई दुकानदारों का स्थगन आवेदन खारिज हुआ है, लेकिन निगम की मंशा अनुरूप परिणाम नहीं आने के कारण निगम अन्य दुकानों को भी वर्तमान में खाली नहीं करा पाएगा। ज्ञात हो कि स्टेडियम के पीछे नगर निगम की इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर रतलाम नगर निगम की भी मार्केट बनाने की योजना है। इस पर निगम ने यहां के 53 दुकानदारों को दुकानें खाली करने के नोटिस जारी किए थे। इस मामले में न्यायालय ने दुकान नंबर 12 के दुकानदार को स्टे दिया है। पत्रिका

पत्रिका 9/12/21

# सीएम चौहान शनिवार को आएंगे, मेडिकल कॉलेज में कोविड की तैयारियां भी जांचेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोविड के फैलते ओमिक्रॉन वैरिएंट के बीच सीएम शिवराज सिंह चौहान 11 दिसंबर को रतलाम आएंगे। बंजली स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर कोविड-19 को लेकर की गई तैयारियां देखेंगे। वैरिएंट से निपटने के लिए प्रशासनिक और स्वास्थ्य अमले ने क्या रणनीति बना रखी है, उसके बारे में बैठक कर जानकारी लेंगे।

वैसे मुख्यमंत्री खासतौर पर जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे के बेटे पायस के विवाह में शामिल होने आ रहे हैं। अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि सीएम दोपहर को बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। सैलाना रोड स्थित अमृत गार्डन में दुल्हा-दुल्हन को आशिर्वाद देंगे। उसके बाद मेडिकल कॉलेज जाएंगे।

## रतलाम को 100 % वैक्सीनेटेड शहर घोषित कर सकते हैं

मुख्यमंत्री चौहान शनिवार को रतलाम को 100 प्रतिशत वैक्सीनेटेड शहर घोषित कर सकते हैं। ऐसा हुआ तो यह उपलब्धि हासिल करने वाला रतलाम प्रदेश का पहला शहर बन जाएगा। शहर में कुल 2.05 लाख वोटर है। इनमें से 107 प्रतिशत को सेकंड डोज लग चुका है, जबकि पहला डोज 120 प्रतिशत को लग चुका है। आंकड़ा इसलिए वोटर लिस्ट से ज्यादा हो गया है, क्योंकि आसपास के ग्रामीण अंचल से भी लोग वैक्सीन लगवाने शहर में आ रहे हैं।

## साल का तीसरा दौरा, फरवरी और अगस्त में भी आए थे

2021 में मुख्यमंत्री का शहर में तीसरा दौरा है। इससे 26 अगस्त को वैक्सीनेशन महाअभियान में शामिल होने आए थे। तब बरबड़ विधायक सभागृह में सभा ली थी और लायंस हाल, अलकापुरी कम्यूनिटी हाल के वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर लोगों से बात की थी। इससे पहले मुख्यमंत्री 4 फरवरी को आए थे, तब डोसीगांव में विधायक चेतन्य काश्यप के साथ 101 हितग्राहियों को अफोंडेबल हाउस में गृह प्रवेश करवाया था।

भास्कर

दै. भास्कर 9/12/21

## नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर, जल कर के बकायादारों को सरचार्ज में छूट मिलेगी

रतलाम ● स्वदेश समाचार
संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये 10,000/- (रुपए दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) से अधिक तथा रुपए 1,00,000/- (रुपए एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000/- से अधिक तथा रुपए 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए1,00,000/- (रुपए एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। यह छूट वर्ष 2020-21 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 11 दिसंबर नेशनल लोक अदालत के लिए मान्य होगी। स्वदेश

स्वदेश 9/12/21

## नेशनल लोक अदालत 11 दिसम्बर को

रतलाम। जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय रतलाम हेतु 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए 9, आलोट के लिए 6 तथा सैलाना के लिए 3 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

9/12/21

## विदेश से आने वाले 47 लोगों को होम क्वारेंटाईन किया

रतलाम। कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन को लेकर जिले में अलर्ट जारी होने के बाद विदेशों से आने वाले की कड़ी निगरानी हो रही है। एक दिसंबर से सात दिसंबर तक विदेश यात्रा कर जिले में आने वाले 47 लोगों को होम क्वारेंटाईन किया गया है। सभी के आरटीपीसीआर सैंपल लिए जा रहे हैं। अभी तक जो रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं, सभी निगेटिव हैं। यदि किसी की रिपोर्ट पाजिटिव आई तो, उसे मेडिकल कालेज के कोरोना आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जाएगा और जीनोमसिक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल पूना लैब में भेजा जाएगा।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को

रतलाम। जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय रतलाम हेतु 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए 9, आलोट के लिए 6 तथा सैलाना के लिए 3 खण्डपीठों का गठन किया गया है। अवन्तिका

अवन्तिका 9/12/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

रतलाम। जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय रतलाम हेतु 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए 9, आलोट के लिए 6 तथा सैलाना के लिए 3 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

9/12/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर को

रतलाम। जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना तथा आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के लिए 36 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय रतलाम हेतु 18, तहसील न्यायालय जावरा के लिए 9, आलोट के लिए 6 तथा सैलाना के लिए 3 खण्डपीठों का गठन किया गया है। प्रसारण

प्रसारण 9/12/21

# नलों में आ रहा गंदा पानी, जलप्रदाय भी नियत समय पर नहीं

## एस.डी.एम. को जन सुनवाई में शिकायत की



सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

नल में आ रहा गंदा पानी, जलप्रदाय नियत समय पर नही, एनाउन्समेन्ट भी नही इत्यादि शिकायत को लेकर नागरिको का प्रतिनिधि मंडल जनसुनवाई में जिलाधीश कार्यालय पहुँचा। जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खण्डेलवाल ने बताया कि जलप्रदाय के दौरान अक्सर गन्दा पानी आता है, 2 दिसम्बर गुरूवार को स्टेशन रोड़, टी.आई.टी रोड़, फ्रीगंज, मित्र निवास रोड़ इत्यादि अनेक क्षेत्रो मे कीचड़ की तरह गंदा पानी आया जो कि स्वास्थ्य के लिये बहुत खतरनाक है।

रतलाम स्वच्छता अभियान समिति के अध्यक्ष अनोखीलाल कटारिया एवं समाजसेवी मांगीलाल जैन ने बताया कि पुर्व मे भी इस संदर्भ मे शिकायत कीजा चुकी है किन्तु कोई सुधार नहीं।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग की गई कि जलप्रदाय के दौरान स्वच्छ पानी आवे, नियत समय पर पर्याप्त दवाब के साथ कम से कम एक घंटा पानी आवे।यदि किसी कारणवश समय पर जल प्रदाय नही होता है तो 30 मिनिट पूर्व सुचना दी जावे। एनाउन्समेन्ट स्पष्ट आवाज मे होना चाहिये। प्रतिनिधि मंडल में सत्री छिपानी,किरण कापड़िया, अशोक जैन, अशोक शर्मा, कौशिक अग्रवाल, अमन जैन, गौरव सराफ, रवि अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

सिंघम-8

सिंघम - 8/12/21

# नलों में पीने का पानी गंदा : दबाव भी कम

**रतलाम, नप्र।** वार्ड 34 में स्टेशन रोड के अलावा आसपास के अन्य इलाकों में पिछले कई दिनों से नलों में पानी इतना गंदा आ रहा है कि पीने के लिए उपयोग में नहीं आ रहा है।



पानी की समस्या को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम अभिषेक गेहलोत से मिला। वार्ड की की समस्या बताते हुए कहा कि टीआईटी रोड स्वास्थ्य केन्द्र पर नलकूप हैं लेकिन वहां पानी की मेटर नमहीं होने से नलकूप भी बंद पड़ा है वहीं नलों में गंदा पानी आने से लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जलवितरण भी कम दबाव से किए जाने की शिकायत की गई। बताया कि वार्ड में नालियां भी इस कदर जाम पड़ी है कि मच्छरों का साम्राज्य बढ़ता जा रहा है।

नागरिकों की समस्याओं पर गौर करते हुए एसडीएम ने मौके पर मौजूद उपायुक्त विकास सोलंकी को निर्देशित किया जिस पर सोलंकी ने तुरंत ही खराब मोटर की जगह नई मोटर की कार्रवाई शुरू की।

प्र'आ'-8

प्रभातकिरण 8/12/21

# रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में विस्फोटक या खतरनाक

## ज्वलनशील वस्तुओं का भंडारण प्रतिबंधित

रतलाम। जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत रतलाम शहर नगर निगम सीमा क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं जिसके अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विस्फोटक या खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं का भंडारण आदि किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा उक्त आदेश एसडीएम रतलाम शहर, नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम के संयुक्त पत्र तथा निगमायुक्त के द्वारा प्रस्तुत पत्र के आधार पर जारी किया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रहंवासी क्षेत्रों में नगर तथा ग्राम निवेश विकास योजना के निवेश क्षेत्र में निर्दिष्ट एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों के विपरीत वैज्ञानिक रूप से संचालित कबाड़ दुकान, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आइडियल गैस सिलेंडर गोडाउन एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं के भंडारण इत्यादि के संचालकों, भंडारणकर्ताओं को आदेशित किया जाता है कि वह अपनी अपनी दुकान, गोडाउन भंडारगृह इत्यादि को तत्काल प्रभाव से रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर समुचित स्थान पर स्थानांतरित करें। इसके लिए समय अवधि आगामी 20 दिसंबर नियत की गई है। आदेश में कहा गया है कि रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र की परिधि में कोई भी व्यक्ति, संचालक, भंडारणकर्ता द्वारा कबाड़ दुकानों, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, डीजल, गैस सिलेंडर गोडाउन, किसी भी प्रकार के विस्फोटक एवं खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं का भंडारण किया जाना प्रतिबंधित रहेगा।

स्वतंत्र रतलाम 9/12/21



## प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढे भरे गए

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर महू-नीमच रोड स्थित प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढों को भरने का कार्य बुधवार को किया गया। सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ आर.के. गुप्ता ने बताया कि ब्रिज के ऊपर गड्ढा भराई के साथ ही गुरुवार तक फिनीशिंग वर्क भी कर दिया जाएगा।



## प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढे भरे गए

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर महू-नीमच रोड स्थित प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढों को भरने का कार्य बुधवार को किया गया। सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ आर.के.गुप्ता ने बताया कि ब्रिज के ऊपर गड्ढा भराई के साथ ही गुरुवार तक फिनीशिंग वर्क भी कर दिया जाएगा।

राज एक्सप्रेस 9/12/21



## प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढे भरे गए

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर महू-नीमच रो[illegible] स्थित प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढों को भरने का कार्य बुधवार को कि[illegible] गया। सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ आर.के. गुप्ता ने बताया कि ब्रि[illegible] के ऊपर गड्ढा भराई के साथ ही गुरुवार तक फिनीशिंग वर्क भी क[illegible] दिया जाएगा।

स्वदेश 9/12/21

# 9000 का लक्ष्य, शाम तक 5 हजार का हुआ वैक्सीनेशन

रतलाम. जावरा में कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर के साथ ओमीक्रान वेरिएंट को देखते हुए वैक्सीनेशन महाअभियान शहर में चलाया जा रहा है। बुधवार को महाअभियान के तहत करीब 9 हजार डोज का लक्ष्य रखा गया था। जिसके एवज में देर शाम तक करीब 5 हजार लोगों को डोज लगाए जा चुके थे। बीएमओ डॉ दीपक पालड़िया ने बताया कि महाअभियान के तहत 9 हजार वैक्सीनेशन के लक्ष्य को पुरा करने के लिए जावरा तहसील में करीब 70 दल बनाए गए थे। शहर के स्थायी रुप सफदरिया स्कूल, इकबाल गंज मैला मैदान स्थित अ बेडकर मांगलिक भवन, नगर पालिका टाऊन हॉल, महिला चिकित्सालय के साथ आयुर्वेदिक अस्पताल पर स्थायी केन्द्र बनाए गए। जबकि ग्रामीण ईलाके में वैक्सीनेशन के लिए 45 दल को स्थायी सेंटरों पर नियुक्ति किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी दल के सदस्यों ने स्थायी केन्द्र के साथ घर घर पहुंचकर भी लोगों को वैक्सीन लगाई। शहरी क्षैत्र में वैक्सीनेशन के लिए करीब 15 दल तथा 10 मोबाईल दल नियुक्ति किए गए थे। बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक 9 हजार के लक्ष्य के चलते करीब 5 हजार डोल लगाए जा सके।

पत्रिका

पत्रिका। 9/12/21

# त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए प्रभारी तथा नोडल अधिकारी नियुक्त

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020-21 के कामकाज के संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विभिन्न अधिकारियों को प्रभारी एवं नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए भी अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं।

जारी किए गए आदेश के अनुसार आदर्श आचरण संहिता एवं कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य नोडल अधिकारी रहेंगे। उनके सहयोगी अधिकारियों में जिले के सभी एसडीएम, निगमायुक्त, सभी तहसीलदार आदि सम्मिलित रहेंगे। मतदान, मतगणना एवं अन्य दलों को प्रशिक्षित करने के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले प्रभारी अधिकारी नियुक्त की गई हैं। उनके सहयोग के लिए प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल, रियाज अहमद मंसूरी, डॉ. अभय पाठक तथा श्री एल.एस. चोगड़ नियुक्त किए गए हैं।

मेन पावर मैनेजमेंट का दायित्व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े को सौंपा गया है। उनके सहयोगियों में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नरेंद्र सिंह चौहान, ई गवर्नेंस मैनेजर नरेंद्र सोलंकी, एनआईसी के पुरुषोत्तम सोमानी आदि नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार निर्वाचन व्यय लेखा के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज के लेखा अधिकारी श्री तरुण त्रिपाठी, ईवीएम मैनेजमेंट के लिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग अनुरागसिंह, मतदान मतगणना जोनल आदि के मानदेय के लिए जिला पेंशन अधिकारी मोहनलाल लखनवी, बैलट पेपर, डमी बैलेट, स्ट्रांग रूम व्यवस्था के लिए जिला कोषालय अधिकारी रमेश मौर्य, शिक्षकों से संबंधित कार्य के लिए सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव, मैटेरियल मैनेजमेंट के लिए जिला परियोजना समन्वयक एम.एल. सासरी, कंप्यूटराइजेशन के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, जिला परिवहन अधिकारी दीपक माझी, शिकायतों के निराकरण के लिए परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक, ईवीएम यूआरएल ईमेल सॉफ्टवेयर मैनेजमेंट के लिए ई गवर्नेंस मैनेजर नरेंद्रसिंह सोलंकी, कंट्रोल रूम के लिए वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रवीण साहू, सेल्स प्लान के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती विनीता लोढ़ा, कम्युनिकेशन प्लान के लिए जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी बी.के. पाटीदार, रूट चार्ट तैयार करने के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख रमेशचंद्र सिसोदिया, विद्युत व्यवस्था के लिए अधीक्षण यंत्री सुरेशचंद्र वर्मा, वोटर टर्नआउट रिपोर्ट एवं टेबुलेशन कार्य के लिए जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान, पीओएल भोजन व्यवस्था के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, सामग्री वितरण, वापसी, मतगणना स्थल व्यवस्था के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, प्रवेश पत्र जारी करने के लिए जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू, प्रचार प्रसार हेतु, जुलूस, सभा, वाहन, माइक आदि अनुमति के लिए सभी संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर, मतदाता सूची तैयार के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती विनीता लोढा, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर को मेडिकल किट उपलब्ध कराने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**जिला पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण संबंधी कार्रवाई 14 दिसंबर को भोपाल में-** रतलाम। मध्यप्रदेश की जिला पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सभी वर्गों में महिलाओं के लिए आरक्षण लाट निकालकर किया जाना है। आरक्षण से संबंधित संपूर्ण कार्यवाही आगामी 14 दिसंबर को दोपहर 12 से जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) कलियासोत डैम के पास भोपाल के ऑडिटोरियम में संपादित की जावेगी।

सिंघम-8

सिंघम - 8/12/21

# रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में विस्फोटक या खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं का भंडारण प्रतिबंधित

**जिला दंडाधिकारी ने धारा 144 के तहत जारी किए आदेश**

रतलाम। जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत रतलाम शहर नगर निगम सीमा क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं जिसके अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विस्फोटक या खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं का भंडारण आदि किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा उक्त आदेश एसडीएम रतलाम शहर, नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम के संयुक्त पत्र तथा निगमायुक्त के द्वारा प्रस्तुत पत्र के आधार पर जारी किया गया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रहवासी क्षेत्रों में नगर तथा ग्राम निवेश विकास योजना के निवेश क्षेत्र में निर्दिष्ट एवं मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों के विपरीत वैज्ञानिक रूप से संचालित कबाड़ दुकान, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, आइडियल गैस सिलेंडर गोडाउन एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं के भंडारण इत्यादि के संचालकों, भंडारणकर्ताओं को आदेशित किया जाता है कि वह अपनी अपनी दुकान, गोडाउन भंडारगृह इत्यादि को तत्काल प्रभाव से रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र के बाहर समुचित स्थान पर स्थानांतरित करें। इसके लिए समय अवधि आगामी 20 दिसंबर नियत की गई है।

सिंधम-8

सिंधम - 8/12/21

## प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढे भरे गए



रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर महू-नीमच रोड स्थित प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढों को भरने का कार्य बुधवार को किया गया। सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ आर.के. गुप्ता ने बताया कि ब्रिज के ऊपर गड्ढा भराई के साथ ही गुरुवार तक फिनीशिंग वर्क भी कर दिया जाएगा।

## प्रतापनगर ओवरब्रिज सड़क की मरम्मत शुरू, नहीं लगेंगे दचके



रतलाम | सालाखेड़ी फोरलेन के प्रतापनगर ओवर ब्रिज पर चालकों को दचके नहीं लगेंगे। बुधवार से इसकी मरम्मत शुरू हो गई है। सेतु विकास निगम द्वारा डामरीकरण करके पुल की सभी सड़कों के गड्ढों भरा जाएगा। पहले ही गड्ढेदार हो रही सड़क की हालत बारिश में ज्यादा खराब हो गई थी। इससे शहर से इंदौर व खाचरौद तरफ आने-जाने वाले वाहन चालक खासे परेशान थे। उनकी इस समस्या को 29 नवंबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से उठाया था। इस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सेतु विकास निगम को मेंटेनेंस के निर्देश दिए थे। बुधवार को एसडीओ आरके गुप्ता ने खुद खड़े रहकर ब्रिज की सड़क पर ठीक से पेंचवर्क करवाया।

दै. भास्कर 9/12/21

## प्रताप नगर ब्रिज के गड्ढे भरे गए



प्रतापनगर ब्रिज पर सड़क की मरम्मत करते हुए श्रमिक। ● नईदुनिया

रतलाम। महू-नीमच रोड स्थित प्रताप नगर ब्रिज पर गड्ढे भरने का कार्य बुधवार को किया गया। सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ आरके गुप्ता ने बताया कि ब्रिज के ऊपर गड्ढा भराई के साथ ही गुरुवार तक फिनीशिंग वर्क भी कर दिया जाएगा।

# कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए सतर्कता आवश्यक : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर आने की संभावना है। इससे बचाव के लिए संपूर्ण प्रदेश में सजगता और सतर्कता आवश्यक है। हमें मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कर कोरोना वायरस का सामना करना है। हमारा प्रयास यह हो कि लॉकडाउन की स्थिति निर्मित न हों और अर्थ-व्यवस्था सामान्य रूप से चलती रहे। कोरोना का सामना करने के लिए सभी व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद हैं, यह सुनिश्चित करने लिए सभी प्रभारी मंत्री इस हफ्ते में अपने प्रभार के जिलों और अपने क्षेत्र के चिकित्सालयों का भ्रमण सुनिश्चित करें तथा ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन बेड, ऑक्सीजन पाइप लाइन आदि की व्यवस्था का आवश्यक रूप से परीक्षण कर लें। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण के दोनों डोज़ लगने से संक्रमण की गंभीरता कम होती है। अतः दिसंबर अंत तक प्रदेश में सभी पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों तथा अपने क्षेत्र की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए विशेष टीकाकरण के लिए वातावरण निर्मित करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगली केबिनेट मीटिंग के बाद अस्पतालों की स्थिति तथा टीकाकरण के लिए वातावरण निर्माण के उद्देश्य से संचालित की गई गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। अस्पतालों की स्थिति के संबंध में यदि कुछ सुधारात्मक उपाय करने हैं, तो उस संबंध में भी निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर जनवरी में आने की संभावना है। अतः जहाँ पूर्व से कोविड केयर सेंटर बने हैं, उन्हें बने रहने दिया जाकर उनकी व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया जाए।

स्वतंत्र लेखनी 9/12/21

# विदेश यात्रा कर जिले में आने वाले 47 लोगों को होम क्वारंटाइन किया

प्रसारण

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन को लेकर जिले में अलर्ट जारी होने के बाद विदेशों से आने वाले की कड़ी निगरानी हो रही है। एक दिसंबर से सात दिसंबर तक विदेश यात्रा कर जिले में आने वाले 47 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है। सभी के आरटीपीसीआर सैंपल लिए जा रहे हैं। अभी तक जो रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं, सभी निगेटिव हैं। यदि किसी की रिपोर्ट पाजिटिव आई तो, उसे मेडिकल कालेज के कोरोना आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जाएगा और जीनोमसिक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल पूना लैब में भेजा जाएगा।

जिले से पहले भी मेडिकल कालेज से हर महीने 15 सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जीनोमसिक्वेंसिंग जांच की सुविधा अभी पूना में ही है। कोरोना जिला नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि हाई रिस्क देशों से जिले में अब तक 47 लोगों की पहचान की जा चुकी है। सभी को होम क्वारंटाइन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला 14 दिन तक इनकी नियमित निगरानी रखेगा।

## कृषि उपज मंडी में मास्क वितरित

इधर, कोरोना वायरस के नए वैरियंट ओमिक्रोम के खतरे को देखते हुए मुरलीवाला फाउंडेशन द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए कृषि उपज मंडी महू रोड पर उपज की नीलामी के दौरान किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुरलीवाला फाउंडेशन के संस्थापक व मानव सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला, व्यापारी पंकज बाफना, प्रकाश जादव, दिनेश जादव, आनंद पाटीदार, विकास पाटीदार, विजय पाटीदार, राधेश्याम धाकड़ आदि उपस्थित थे। जानकारी मुरलीवाला फाउंडेशन के अध्यक्ष रवींद्र पाटीदार ने दी।

प्रसारण 9/12/21

# मास्क नहीं लगाने वाले 30 लोगों से वसूला जुर्माना




मास्क नही लगाने पर जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। ●नईदुनिया

रतलाम। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मास्क के साथ शारीरिक दूरी के नियम का पालन अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बाद भी कई लोग लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ नगर निगम द्वारा चालानी कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क लगाकर घूमने वाले 30 लोगों से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को मास्क लगाने की समझाइश भी दी गई।

**73 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया**

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को 73 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 22265, ट्रैक्टर-ट्राली से 11190, काम्पेक्टर सूखा कचरा 19690, काम्पेक्टर गीला कचरा 20225 कुल 73370 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 9/12/21

# मास्क नहीं लगाने पर 30 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा सभी को मास्क अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये जाने के तहत ऐसे व्यक्ति जो कि मास्क नहीं लगा रहे है उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 30 ऐसे व्यक्ति जो बिना मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई। प्रसारण

प्रसारण 9/12/21

## 5977 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन


रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार तक 5977 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

9/12/21

## ओमीक्रोन को लेकर जिले में अलर्ट

# विदेश से आने वाले 47 लोग होम क्वारंटाइन

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम



कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन को लेकर जिले में अलर्ट जारी होने के बाद विदेशों से आने वाले की कड़ी निगरानी हो रही है। एक दिसंबर से सात दिसंबर तक विदेश यात्रा कर जिले में आने वाले 47 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है। सभी के आरटीपीसीआर सैंपल लिए जा रहे हैं। अभी तक जो रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं, सभी निगेटिव हैं। यदि किसी की रिपोर्ट पाजिटिव आई तो, उसे मेडिकल कालेज के कोरोना आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जाएगा और जीनोमसिक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल पूना लैब में भेजा जाएगा।

जिले से पहले भी मेडिकल कालेज से हर महीने 15 सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जीनोमसिक्वेंसिंग जांच की सुविधा अभी पूना में ही है। कोरोना जिला नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि हाई रिस्क देशों से जिले में अब तक 47 लोगों की पहचान की जा चुकी है। सभी को होम क्वारंटाइन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला 14 दिन तक इनकी नियमित निगरानी रखेगा।

**कृषि उपज मंडी में मास्क वितरित** – इधर, कोरोना वायरस के नए वैरियंट ओमिक्रोम के खतरे को देखते हुए मुरलीवाला फाउंडेशन द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए कृषि उपज मंडी महू रोड पर उपज की नीलामी के दौरान किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुरलीवाला फाउंडेशन के संस्थापक व मानव सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला, व्यापारी पंकज बाफना, प्रकाश जादव, दिनेश जादव, आनंद पाटीदार, विकास पाटीदार, विजय पाटीदार, राधेश्याम धाकड़ आदि उपस्थित थे। जानकारी मुरलीवाला फाउंडेशन के अध्यक्ष रवींद्र पाटीदार ने दी।

सिंघम - 8

सिंघम - 8/12/21

# विदेश से आए 47 लोग क्वारंटाइन

**सप्ताहभर के यात्रियों की आरटीपीसीआर जांच**

रतलाम। कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन को लेकर जिले में अलर्ट जारी होने के बाद विदेशों से आने वाले की कड़ी निगरानी हो रही है। एक दिसंबर से सात दिसंबर तक विदेश यात्रा कर जिले में आने वाले 47 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया है। सभी के आरटीपीसीआर सैंपल लिए जा रहे हैं।

अभी तक जो रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं, उसमें सभी निगेटिव हैं। यदि किसी की रिपोर्ट पाजिटिव आई तो, उसे मेडिकल कालेज के कोरोना आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जाएगा और जीनोमसिक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल पूना लैब में भेजा जाएगा। जिले से पहले भी मेडिकल कालेज से हर महीने 15 सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जीनोमसिक्वेंसिंग जांच की सुविधा अभी पूना में ही है। कोरोना जिला नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि हाई रिस्क देशों से जिले में अब तक 47 लोगों की पहचान की जा चुकी है। सभी को होम क्वारंटाइन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला 14 दिन तक इनकी नियमित निगरानी रखेगा।

नवभारत

नवभारत 9/12/21




# समाज सेविका कुसुम चाहर ने भेंट की स्वच्छता के औजार व झाड़ू

रतलाम। स्वच्छता मानव जीवन के लिए जरूरी है बिना स्वच्छता के मनुष्य का जीवन पशु जैसा होता है । जिसमें कई तरह की बीमारियां विकसित होती है।यह बात समाज सेविका कुसुम चाहर ने हनुमान ताल स्थित बगीचे में की।सोशल लीडर फाउंडेशन संस्था के सभी टीम सदस्यों एवं आम नागरिकों की मदद से गार्डन में सभी संस्था के सदस्यों ने अपने रतलाम को स्वच्छ रखने में सहयोग के लिए शपथ ली की रतलाम शहर को सुंदर व स्वस्थ बनाएंगे और भारत ही नहीं अपितु विश्व में नंबर वन लेकर आएंगे । संस्था सदस्य व समाज सेविका कुसुम चाहर द्वारा इस अवसर पर स्वच्छता के लिए संस्था को औजार व झाड़ू डोनेट की गई। आम नागरिकों से भी निवेदन किया कि शहर को सुंदर व स्वस्थ रखने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

स्वतंत्र [illegible] ९/१२/२१